दिनांक : 24.09.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 95 हजार करोड़ रूपये के 6 प्रस्तावों को दी मंजूरी, रेल कर्मचारियों को मिलेगा बोनस।

- मुख्यमंत्री कल सागर में सिटी गैस वितरण पोर्टल का करेंगे शुभारंभ।

- मुख्यमंत्री ने बालाघाट में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रोत्साहन राशि का किया वितरण।

- एशिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत और बांग्लादेश का मुकाबला, विजेता टीम पहुँचेगी फायनल में।

**<u>मंत्रिमंडल-आर्थिक मामले</u>**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज लगभग 95 हजार करोड़ रुपये के छह प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69 हजार 725 करोड़ रुपये के पैकेज को मंज़ूरी दी है। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 10 लाख 91 हजार रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस को मंज़ूरी दे दी है।

मंत्रिमंडल ने पंद्रहवें वित्त आयोग की अवधि के लिए दो हज़ार 277 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान

विभाग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (डीएसआईआर) /सीएसआईआर क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास योजना को मंज़ूरी दे दी है।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने देश में स्नातकोत्तर और स्नातक चिकित्सा शिक्षा क्षमता के व्यापक विस्तार को मंजूरी दे दी है। इससे पाँच हज़ार पीजी सीटें और सीएसएस के विस्तार से पाँच हज़ार 23 एमबीबीएस सीटें बढ़ेंगी।

इसके अलावा आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बिहार में बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन खंड के दोहरीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 डबल्यू के साहेबगंज-अरेराज-बेतिया खंड के चार लेन के निर्माण को भी मंज़ूरी दी है।

<u>सेवा पर्व - सेमीकंडक्टर</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि मोदी सरकार कैसे भारत सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार दे रही है।

<u>मुख्यमंत्री कंटगी</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बालाघाट के कटंगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों को 337.12 करोड़ रुपयों की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 244.52 करोड रुपए की लागत के 78 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में बालाघाट जिले के 3500 युवाओं को रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने जिले में अस्पताल और शासकीय हाईस्कूल के उन्नयन समेत अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

जीएसटी सुधार

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर- जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग इस महीने की 22 तारीख से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सागर जिले के जैसीनगर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। सिटी गैस ड्रिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए और सीएनजी स्टेशन संचालित करने के लिए एनओसी एवं पाईपलाईन बिछाये जाने हेतु अनुमति दिये जाने का प्रावधान है। इसी के लिए सिंगल विंडो पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार की अनुमतियां देने के लिए कलेक्टर को सिंगल विंडो पोर्टल के लिये अधिकृत किया गया है।

**एशिया कप- भारत-बांग्लादेश**

एशिया कप टी-20 क्रिकेट में आज सुपर फोर में भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मैच रात आठ बजे दुबई में खेला जाएगा। आज की विजेता टीम का फाइनल में जाना तय हो जाएगा। दोनों ही टीमों ने सुपर फोर में अपने पहले मैच जीते हैं। भारत ने पाकिस्तान को और बांग्लोदश ने श्रीलंका को हराया।

सांसद खेल महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेल के क्षेत्र में नई क्रांति हुई है। भारतीय खिलाड़ी और जवानों ने हर अवसर पर देश-प्रदेश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री आज भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र के 'सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भोपाल के शासकीय सुभाष एक्सीलेंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव में 71 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नामांकन कराया है।

**कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इंदौर बायपास पर निर्माणाधीन अर्जुन बरोदा, झलारिया और कनाडिया फ्लाई ओवर का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।
- नीमच जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण भी पढ़ाई भी तथा कार्यकर्ताओं की परफार्मेन्स के आधार पर ग्रेडिंग तैयार की जाएगी, साथ ही बेहतर कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जायेगा।
- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत भोपाल के डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में विशाल मेगा हेल्थ कैम्प का सफल आयोजन किया गया।
- देवास में 'सेवा पखवाड़ा' अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की स्कूलों में स्वच्छता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में कल 25 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कम्युनिटी हॉल में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- गुना में आज 11वें जिला स्तरीय रोजगार और स्वरोजगार मेले के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- मौसम विभाग ने शहडोल, सिंगरौली, सीधी, मउगंज और बालाघाट जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

---------------------------